कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur DCPEastJodhpur @ Dcp Jodhpur East

दिनांकः– 12.04.2024

- पुलिस थाना एयरपोर्ट द्वारा 25 लाख रु की 12 बिटकॉइन सर्वर मशीन व लेपटाप ब्लाइंड लुट की वारदात का 5 दिन में खुलासा।
- वारदात में शरीक मुख्य षड्यंत्रकर्ता लोकेश सिंह व खरीददार हनुमान सैनी 12 बिटकॉइन सर्वर मशीन व लेपटाप के साथ गिरफ्तार।
- 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण व तकनीकी कौशल से शीघ्र हुई मुलजिमों की गिरफ्तारी।

घटना का विवरण–

श्री शरद बोराणा पुत्र श्री विजय कुमार बोराणा निवासी 312 महादेव नगर पाल रोड जोधपुर ने रिपोर्ट पेश की कि मैने पांच छह माह पहले नांदडा बायपास रोड सरहद उचियारड़ा में रूप श्री हेरिटेज में श्री अशोक चौधरी के मकान के किराए पर लेकर डाटा सर्वर की मशीन लगवाई थी जिसमें कुल 12 मशीन बिटकॉइन कंपनी की थी जिसकी देखरेख के लिए मैने दिन व रात में दो चौकीदार दोलाराम देवासी व सत्यनारायण को लगा रखा था वह इन मशीनों के पास में एक कैमरा लगा रखा है जो मेरे मोबाइल से जुड़ा हुआ है व साथ में एक लैपटॉप रखा हुआ था दिनांक 04.04.2024 को मुझे सुबह 5:36 पर चौकीदार सत्यनारायण ने फोन पर बताया कि कुछ समय पहले कुछ लोग मुंह पर स्कार्फ लगाए हुए मकान में आए तब मैने गेट खोला तो मेरा गला दबा कर मेरे हाथ बांध दिए व अंदर से मशीनें, लैपटॉप, कैमरा और मेरा मोबाइल लेकर चले गए तब मैं मौके पर पहुंचा तो 12 मशीने व लैपटॉप नहीं था साथ में कैमरा भी लेकर चले गए। मशीनें किस साधन से लेकर गए चौकीदार ने कोई जानकारी नहीं दी एक मशीन का वजन करीब 15 से 20 किलोग्राम के बीच है मशीन ले जाने से पूर्व बिजली–पानी की सप्लाई का तार निकाल दिया था मेरे मोबाइल फोन से मशीन बंद होने की सूचना मुझे नोटिफिकेशन सुबह 5:15 बजे पर मिला, इत्यादि रिपोर्ट पर पुलिस थाना एयरपोर्ट पर प्रकरण संख्या 81 दिनांक 04.04.2024 धारा 458, 392, 342, 34 आईपीसी में दर्ज किया गया।

पुलिस कार्यवाहीः–

श्रीमान् पुलिस आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह आयुक्तालय जोधपुर के निर्देशानुसार श्री विरेन्द्रसिह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व एवं श्री अभिषेक अंडासु (IPS) सहायक पुलिस आयुक्त वृत पूर्व, जोधपुर पूर्व के निकट सुपरविजन में थाना एयरपोर्ट क्षेत्र स्थित रूप श्री हेरिटेज कॉलोनी में हुई लूट की घटना के खुलासे के लिये थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। स्पेशल टीम में श्री हनुमानसिंह निरीक्षक पुलिस, श्री अमरसिंह सउनि, कैलाश हैड कानि 405, श्री रमेश कुमार कानि 441, श्री सुरेश कानि 879 द्वारा तकनिकी विश्लेषण व वारदात स्थल के आने जाने के सभी रास्ते पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो दिनांक 4 अप्रैल 2024 को घटनास्थल के पास के सीसीटीवी में नजर आई जिसके आने जाने के रूट के सीसीटीवी फूटेज देखे गये तो घटना के बाद उक्त संदिग्ध सफेद कार नांदड़ी फाटा के पास एक मकान में जाती दिखाई दी। जिस पर मकान मालिक से पतारसी की गई तो उसने अपने रिश्तेदार कंवरपाल निवासी

बीकानेर का अपने घर में पांच दिन रूकना बताया व कंवरपाल के द्वारा दिनांक 4 अप्रेल को सुबह सर्वर मशीने अपने घर में रखना बताया व दो दिन बाद मशीनों को ले जाना बताया। कंवरपाल के बीकानेर निवासी होने व पूर्व में परिवादी की साइट पर प्रदीप बांगड़वा उर्फ आदी, लोकेशसिंह निवासी बीकानेर व एक अन्य साथी द्वारा प्रार्थी शरद के साथ उसकी साईट जहां पर घटना हुई की विजिट की गई थी जिस कारण उक्त सभी संदिग्ध प्रतीत होने से श्री अमरसिंह सउनि. के नेतृत्व में एक टीम को दिनांक 10 अप्रेल को तलाश हेतु बीकानेर रवाना किया जिसने कंवरपाल की तलाश की तो वह नहीं मिला। जिस पर टीम द्वारा लोकेशसिंह को दस्तयाब कर पूछताछ की तो लोकेश सिंह से पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया जिस पर लोकेश सिंह को गिरफ्तार कर उसकी ईतला मुताबिक सभी 12 सर्वर मशीनें व लैपटॉप हनुमान सैनी निवासी बीकानेर की फैक्ट्री से बरामद की गई। अभी तक के अनुसंधान से ज्ञात हुआ कि लोकेश सिंह व उसके साथी प्रदीप बांगड़वा उर्फ आदि ने उक्त सभी सर्वर मशीनों व लैपटॉप को हनुमान सैनी को बेचा था लेकिन मशीनें सैटअप करने से पहले की पुलिस ने बरामद कर ली। शेष मुख्य मुलजिम कंवरपाल व प्रदीप उर्फ आदी की शीघ्र ही गिरफ्तारी के प्रयास टीम द्वारा किये जा रहे है।

गिरफ्तार मुलजिमः–

01. लोकेश सिंह पुत्र शेर सिंह सांखला जाति राजपूत उम्र 32 साल पेशा प्राइवेट नौकरी निवासी रामपुरा बस्ती गली नंबर 20 पुलिस थाना मुक्ता प्रसाद जिला बीकानेर
02. हनुमान सैनी पुत्र श्री कानाराम जाति माली उम्र 34 साल पेशा मिठाई व्यवसायी निवासी मुक्ता प्रसाद सेक्टर 01 पुलिस थाना मुक्ता प्रसाद जिला बीकानेर राजस्थान

शेष मुख्य अभियुक्तगण–

01. प्रदीप उर्फ आदि पुत्र श्री हरचंद राम जाति जाट उम्र 25–वर्ष निवासी–लूणकरणसर बीकानेर
02. कंवरपाल सिंह पुत्र श्री श्रवण सिंह जाति राजपूत उम्र –25 वर्ष निवासी–करणी कॉलोनी बीकानेर

पुलिस टीमः–

1. श्री हनमानसिह निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
2. श्री अमरसिंह सउनि पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व । (विशेष योगदान)
3. श्री राकेश कुमार सउनि साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
4. श्री कैलाश हैड कानि 405 पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
5. श्री जगदीश हैड कानि पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
6. श्री रमेश कुमार कानि 441 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व। (विशेष योगदान)
7. श्री सुरश कुमार कानि 879 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व। (विशेष योगदान)
8. श्री गणपतराम कानि 1177 साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
9. श्री योगेंद्र योगी हैड कांस्टेबल 72 डीएसटी बीकानेर।
10. श्री महावीर सिंह हैड कांस्टेबल 250 डीएसटी बीकानेर।

(आलोक श्रीवास्तव)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व